>

Title: Need to construct a Railway line between Kapilvastu in Siddharthnagar and Basti districts of Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जनपद में तथागत गौतम बुद्ध की जन्म स्थली कपिलवस्तु (पिपरहवा) से बस्ती जनपद के रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाईन के सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया था। सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है, जिसका प्रस्ताव उत्तर पूर्व रेलवे से मंत्रालय को प्राप्त हो चुका है। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय के 2010-11 के बजट तत्कालीन रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने बारहवीं पंचवÂ◌ा◌ावय योजना में उक्त भगवान गौतम बुद्ध के जन्म स्थली से नवगढ़, बांसी, रूधौली होते हुए बस्ती तक रेल निर्माण को शामिल किए जाने की स्वीकृत की घोÂ◌ाणा की थी। उक्त रेल लाइन के निर्माण से पूरी दुनिया के तथागत बौद्ध के लाखों अनुयायियों को आवागमन की सुविधा प्रदान होगी। इससे पूरी दुनिया के बौद्ध धर्म को मानने वालों को रेलवे की सुविधा मिल जाएगी, जिससे दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता एवं चेन्नई से आने वाले बौद्ध पर्यटकों को आसानी होगी। फलस्वरूप बौद्ध सर्किट स्थल के सुनियोजित विकास में गति आएगी।

अतः मैं रेल मंत्री के बजट भाÂ◌ाण के सदन में दिए गए आश्वासन के सापेक्ष रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के कपिलवस्तु से बस्ती जनपद को रेल लाइन से जोड़ने के लिए निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करने की मांग करता हूं।